# छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ पंजी.409

**श्रीमती कविता यादव**
कार्यकारी प्रांताध्यक्ष
सरगुजा संभाग प्रभारी,जिलाध्यक्ष जशपुर

पता : ग्राम पंचायत गायबुडा पो.सरधापाठ
वि.खं.बगीचा जिला जशपुर
पिन कोड 496336 मो. 7805874349



प्रांतीय संयोजक
श्री देवेंद्र पटेल
मो.9131538030

प्रांताध्यक्ष
श्रीमती सरिता पाठक

जिला संरक्षक
प्रतिमा शर्मा,यशोमति बाई

उपाध्यक्ष
अंजना टोप्पो,उर्मिला दास,अंजिता खान,सरिता,चम्पा सिंह,जूली केरकेट्टा

सचिव
रोशलीन खलखो

कोषाध्यक्ष
रूपा सोनी मिंज

सह कोषाध्यक्ष
दिलासो कुजूर

संयुक्त मंत्री
बिलासो,सुबत्री,हरिप्रिया यादव,पोलेना सिदार,प्रफुल्ला भगत,प्रभा बाई

कार्यालय प्रवक्ता
जायत्री यादव,सुषमा भगत

मिडिया प्रभारी
इन्द्रावती बघेल,निशा सिंह,अनिमा,संगीता सिंह

संगठन सचिव
सत्यम सिंह,लक्ष्मी नन्दे,सविता भगत,गमिता,उमा गुप्ता

जिला कार्यकारिणी
रीना राय
राजन्ती चौहान,अंजना मिंज,सुशीला यादव,विभा बाई,उषा चौहान,चमेली यादव,सुनिता नाग,गीता यादव


पत्र क्रमांक :81/01/189 दिनांक :05/12/2025

प्रति,

श्रीमान रोहित व्यास जी
कलेक्टर जशपुर
जिला जशपुर,छत्तीसगढ़

विषय : राजकुमारी साहू सुपरवाइजर के द्वारा द्वेषपूर्ण भाव से कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं को प्रताड़ित करने एवं नियम विरुद्ध मानदेय काटे जाने के संबंध में कार्यवाही/जांच की मांग हेतु आवेदन।

महोदय,

विषयांतर्गत लेख है दिनांक 22/11/25 को पत्थलगांव के करमीटिकरा में हुए बैठक के दौरान ज्ञात हुआ कि पत्थलगांव परियोजना क्षेत्र अंतर्गत करमीटिकरा में पदस्थ राजकुमारी साहू सुपरवाइजर के द्वारा द्वेषपूर्ण भाव से कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं को प्रताड़ित किया जा रहा है।गत दिनों उनके विरुद्ध परियोजना कार्यालय में शिकायत किए जाने के बाद लगातार कार्यकताओं की धमकाया जा रहा है और सबूतों से छेड़छाड़ करने अनावश्यक रूप से दबाव बनाने का कार्य किया जा रहा है,जो अत्यंत ही गंभीर विषय है।

उक्त अधिकारी के द्वारा कुछ कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से टारगेट कर बिना कारण उनका मानदेय काटा जा रहा है,इतना ही नहीं मानदेय काटे जाने के पीछे कारण पूछने पर उनके द्वारा फटकार लगा सही कारणों को बताया नहीं जाता है। ज्यादा पूछने पर कहा जाता है कि आपको सबक सिखाने मानदेय काट रहे है,जिसमें उनके द्वारा मेडिकल अवकाश भी नहीं माना जाता है। उनके द्वारा रविवार या अन्य अवकाश पर भी कार्य करने जोर दिया जाता है जिसमें कार्य नहीं करने की स्थिति में मानदेय काटे जाने का खुला धमकी दिया जाता है।कार्यकर्ताओं के द्वारा मना करने पर रविवार का मानदेय शासन आपको नहीं देता है क्या बोल कर दुर्व्यवहार किया जाता है।

राजकुमारी साहू सुपरवाइजर के द्वारा किसी कार्यकता या सहायिका के परिवार में आकस्मिक घटना होने पर छुट्टी नहीं दिया जाता है,इस संबंध में उनसे पूछने पर फटकार लगाते हुए कहा जाता है कि जब तक काम पूरा नहीं करोगे तब तक कही नहीं जाना है।

राजकुमारी साहू सुपरवाइजर के द्वारा जब भी मासिक जानकारी का बैठक लिया जाता है तब सभी कार्यकर्ताओं को 10 बजे अनिवार्य रूप से पहुंच जाने का दबाव बनाया जाता है और खुद समय का ध्यान नहीं रखते हुए खुद 12:30 बजे आती है,इतना ही नहीं बैठक को अनावश्यक रूप से लम्बा खींचते हुए कार्यालयीन समय का भी ध्यान नहीं रखती,दूर दराज से आने वाले कार्यकताओं को प्रताड़ित करने की नियत से 05:30 बजे या 06:00 बजे छोडती है | चुकी हम में कई कार्यकता सहायिका अपने घर पर छोटे छोटे बच्चों को छोड़कर आये रहते है इस कारण से उनको असमय घर पहुंचने पर परिवार वालों तथा पति से भी दो शब्द सुनना पड़ता है।

राजकुमारी साहू सुपरवाइजर के द्वारा कार्यकताओं से इस कदर दुर्व्यवहार किया जाता है कि उनके शब्दों पर नियंत्रण नहीं रहता है,कार्य के दौरान यदि किसी कारण वश गलती से गलत जानकारी भर लेने पर उनके द्वारा कहा जाता है कि जशपुर के आदिवासी लोगों के पास दिमाग नहीं है आप लोग हमेशा दारू नशे करते हो,इस प्रकार के शब्द का प्रयोग उनके द्वारा किया जाता है ।

कार्यकताओं ने बैठक में बताया कि कई सारे काम ऑनलाइन मोवाइल के माध्यम से हम लोग को करना होता है जिसमे कभी नेटवर्क की समस्या होने पर काम नहीं हो पाता है तो सभी कार्यकर्ताओं को बोलती है शासन का पैसा खा रहे हो।का करने के लिए 50 हजार का नया मोबाइल ले लो और नहीं कर पाते हो तो ईस्तीफा दे दो काम से बोला जाता है।

कार्यालय कलेक्टर
प्राप्ति दि. 05-12-25
हस्ताक्षर ...
आवक शाखा
जशपुर (छ.ग.)

आवेदिका के द्वारा आवेदनपत्र कलेक्टर महोदय को दिया गया है।


Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

# छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ पंजी.409

**श्रीमती कविता यादव**
कार्यकारी प्रांताध्यक्ष
सरगुजा संभाग प्रभारी,जिलाध्यक्ष जशपुर

पता : ग्राम पंचायत गायबुडा पो.सरधापाठ
वि.खं.बगीचा जिला जशपुर
पिन कोड 496336 मो. 7805874349

प्रांतीय संयोजक
श्री देवेंद्र पटेल
मो.9131538030

प्रांताध्यक्ष
श्रीमती सरिता पाठक

जिला संरक्षक
प्रतिमा शर्मा,यशोमति बाई

उपाध्यक्ष
अंजना टोप्पो,उर्मिला दास,अंजिता खान,सरिता,चम्पा सिंह,जूली केरकेट्टा

सचिव
रोशलीन खलखो

कोषाध्यक्ष
रूपा सोनी मिंज

सह कोषाध्यक्ष
दिलासो कुजूर

संयुक्त मंत्री
बिलासो,सुबत्री,हरिप्रिया यादव,पोलेना सिदार,प्रफुल्ला भगत,प्रभा बाई

कार्यालय प्रवक्ता
जायत्री यादव,सुषमा भगत

मिडिया प्रभारी
इन्द्रावती बघेल,निशा सिंह,अनिमा,संगीता सिंह

संगठन सचिव
सत्यम सिंह,लक्ष्मी नन्दे,सविता भगत,गमिता,उमा गुप्ता

जिला कार्यकारिणी
रीना राय
राजन्ती चौहान,अंजना मिंज,सुशीला यादव,विभा बाई,उषा चौहान,घमेली यादव,सुनिता नाग,गीता यादव

पत्र क्रमांक : ...............

दिनांक 05.12.2025

नेटवर्क वर्क नही होने की समस्या पर टावर खरीद कर आगनवाडी केंद्र पर लगवाने बोला जाता है।

उनके द्वारा कुछ कार्यकर्ता को टारगेट बना कर रखा गया है वो अक्सर बोलती रहती है कि यहां से जाते जाते 2-4 को साथ लेके जाउंगी बोल कर धमकी देते रहती है,उनका कहना होता है कि आप लोगो को भगवान भी नहीं बचा सकता मेरे से।

उनके द्वारा हमेशा कार्यकर्ताओं पर अभद्र व्यव्हार किया जाता है और कार्यकताओं को पागल, कुत्ता,गन्दी नाली के कीड़े, झकलेट, जैसे गंदे गंदे शब्दों से संबोधित करती है।

उनके द्वारा निरीक्षण के समय हितग्राहियों को सलाह देने के बजाय उनको बोलती है जब औकात नहीं थी तों तिन - तिन बच्चे पैदा करने की क्या जरुरत है, सुपरवाइजर के द्वारा इस प्रकार के शब्द बोलने से हितग्राहियों पर गलत प्रभाव पड़ता है ।

बैठक के दौरान यह भी बात सामने आया कि उनके द्वारा फोटोकॉपी के नाम से 50 रूपये प्रति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वसूला जाता है,जबकि उक्त फोटोकॉपी का मूल्य मात्र 4 रुपए होता है।झंडा के नाम पर 100 रुपए प्रति आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका वसूला जाता है।यात्रा भत्ता में 30 प्रतिशत कमीशन सीधे तौर पर मांगा जाता है।नहीं देने पर प्रताड़ित करने और रिकवरी का धमकी दिया जाता है,कार्य के आधार पर यात्रा भत्ता ज्यादा होने पर 1500 रुपए से ज्यादा नहीं बनाया जाने का दबाव देते हुए इसके आगे का नहीं बनाए जाने फटकार लगाया जाता है यदि ज्यादा का बना कर जमा किया जाता है तो यात्रा भत्ता रोक दिया जाता है और इसमें 30 प्रतिशत कमीशन मांगा जाता है। कार्यकर्ताओं/सहायिकाओं को मिलने वाला शासन से फ्लेक्सी योजना,पोषण दिवस के आधार पर ईंधन की राशि,सब्जी की राशि सहित अन्य में भारी भरकम कमीशन अनियमितता और गबन का आरोप भी लगा है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में समूह के द्वारा गर्म भोजन के वितरण में बरती जा रही लापरवाही और अनियमितता की बात भी बैठक में सामने आया है।

समूह से सांठ गांठ कर मैडम के पास अनोखा बचत रजिस्टर है,जिनके रिकॉर्ड के अनुसार प्रतिमाह हमेशा ही बचत दिखाई देता है जबकि वास्तविकता में कार्यकर्ताओं का बचत रजिस्टर में बचत नहीं होता है,उक्त अचंभा रजिस्टर मैडम के पास होने से कार्यकर्ताओं को प्रतिमाह उनके अनावश्यक फटकार और डांट का सामना करना पड़ता है।

अतः महोदय से निवेदन है की सेक्टर करमीटिकरा के अंतर्गत आने वाले समस्त आ.बा. कार्यकर्ता एवं सहायिका सुपरवाईजर राजकुमारी शाहू के अभद्र व्यव्हार तथा मानसिक दबाव से अत्याधिक परेशान है,उनके विरुद्ध किए गए शिकायत उपरांत सबूतों से छेड़छाड़ करने कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाने मामले में भी निष्पक्ष जांच और कार्यवाही का मांग किया जाता है,साथ ही उक्त कृत्य के कारण यहां सुपरवाईजर राजकुमारी साहू को हटा कर उसके स्थान पर अन्य सेक्टर सुपरवाईजर को पदस्थ किये जाने का पुरजोर मांग संघ के तरफ से निवेदन स्वरूप किया जाता है।

दिनांक  धन्यवाद

Kavita

श्रीमती कविता यादव

अमिता

जिला सचिव

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner